हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 1 मार्च 2025


तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


15 महापौर सहित 40 पार्षद आज लेंगे शपथ






16 इस साल लोगों के लिए आम रहेगा खास






## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत का सम्मिलन 7 मार्च को

**धमतरी।** कलेक्टर एवं विहित प्राधिकारी नम्रता गांधी की उपस्थिति में 7 मार्च को जिला पंचायत का सम्मिलन होगा। सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित इस सम्मिलन में छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 32 के अधीन जिला पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के लिए निर्वाचन होगा।

### ग्रामीण पटेल संघ की बैठक 3 मार्च को

**मगरलोड।** राजस्व ग्राम पटेल संघ मगरलोड तहसील की बैठक 3 मार्च को दोपहर 1 बजे गायत्री मंदिर परिसर मगरलोड में रखी गई है। बैठक में संगठन, गतिविधि एवं अन्य विषयों पर चर्चा होगी। यह जानकारी अध्यक्ष रेखनारायण साहू, सचिव घनश्याम ध्रुव, कोषाध्यक्ष हुलास साहू ने दी है।

### आदिवासी गोंड समाज का वार्षिक अधिवेशन 2 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** आदिवासी गोड़ समाज मुड़ा भुसरेंगा, परिक्षेत्र डाही का वार्षिक अधिवेशन 2 मार्च को आदिवासी समाज भवन भुसरेंगा में रखा गया है। मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता ठाकुर राम मंडावी अध्यक्ष मुड़ा भुसरेंगा करेंगे। विशिष्ट अतिथि सुभाष कतलाम परिक्षेत्र अध्यक्ष डाही, भीखम नेताम संरक्षक परिक्षेत्र डाही, डीआर गौतम मुड़ा अध्यक्ष धौराभाठा, गिरधारी नागवंशी मुड़ा बोड़रा, दीनदयाल मंडावी परिक्षेत्र डोमा, विक्रम मंडावी विवेचक परिक्षेत्र डाही, चन्द्रसेन नेटी कोषाध्यक्ष परिक्षेत्र डाही, टोकेश्वर नेताम परिक्षेत्र डाही मीडिया प्रभारी होंगे।

### कबीर आश्रम सेमरा में सत्संग 4 मार्च से

**धमतरी।** कबीर आश्रम सेमरा (भखारा) के तत्वावधान में 4 से 6 मार्च तक कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है।



मुख्य वक्ता संत धर्मेंद्र साहेब कबीर पारख संस्थान प्रयागराज उत्तरप्रदेश होंगे। संत रविकर साहेब अध्यक्ष छत्तीसगढ़ संत संगठन, संत घनश्याम साहेब सचिव छत्तीसगढ़ संत संगठन भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम बीजक पाठ से आरंभ होगा। उसके पश्चात भजन और प्रवचन 10 से 1 बजे और 2.30 से 5 बजे तक होगा। गुरुशरण साहू भजन प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य प्रबंधक संत क्षेमेंद्र साहेब ने लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### कालेज की वार्षिक परीक्षा 1 मार्च से 29 अप्रैल तक

**धमतरी।** पं .रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालयीन वार्षिक परीक्षा मार्च-अप्रैल 2025 में आयोजित होने वाली स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं की समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। प्रथम पाली में प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक बीएससी, बीएचसी(होम साइंस), बीकॉम, बीसीए भाग-दो, तीन तथा बीएससी, बीएचसी (होम साइंस), बीकॉम, बीसीए भाग-एक (केवल पूरक परीक्षार्थियों हेतु), एमए पूर्व अंतिम अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी की परीक्षाएं आयोजित होगी। द्वितीय पाली में दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक बीए भाग-दो, तीन एवं बीए भाग-एक (केवल पूरक परीक्षार्थियों हेतु) तथा एमए पूर्व अंतिम समाजशास्त्र, संस्कृत, इतिहास, हिन्दी, एमएससी पूर्व अंतिम गणित, एमकॉम पूर्व अंतिम की परीक्षा होगी। वार्षिक परीक्षा 1 मार्च से 29 अप्रैल तक चलेगी।

संस्कृत की शिक्षा देने के लिए नाथूराम मोतीलाल पाठशाला की रखी गई थी नींव, दाजी मराठी स्कूल की शुरूआत बालिकाओं को पढ़ाने लिए हुई थी

# सौ साल पुराने शिक्षा के मंदिरों का चैप्टर होगा क्लोज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शिक्षा के क्षेत्र में 100 साल तक अतुलनीय योगदान देने वाली नाथूराम मोतीलाल पाठशाला अब इतिहास के पन्नों में दर्ज होने जा रही है। इस सत्र के बाद इस स्कूल को बंद कर दिया जाएगा। यही स्थिति दाजी मराठी स्कूल की है। इस स्कूल ने भी शिक्षा के क्षेत्र में 95 साल तक योगदान दिया है।

कभी जिले में अनुदान प्राप्त स्कूल शिक्षा की नींव रखी गई थी लेकिन आज उनकी दशा किसी से छिपी नहीं है। शासन द्वारा सुविधाओं में कटौती किए जाने से इन स्कूलों की हालत खराब है। कुछ अनुदान प्राप्त स्कूल हैं, जो अपने दम पर चल रहे हैं लेकिन बाकी के स्कूल की हालत खराब है। इसी बदहाली के चलते दाजी मराठी हाई और हायर सेंकेडरी स्कूल पहले ही बंद हो चुके हैं। नाथूराम मोतीलाल स्कूल में भी हाईस्कूल खोला गया था, लेकिन इसे अनुदान नहीं मिला। बाद में ट्रस्ट ने खुद ही इन स्कूलों को बंद कर दिया। अब दाजी मराठी प्राइमरी-मिडिल और नाथूराम मोतीलाल प्राइमरी और मिडिल स्कूल को बंद करने का प्रस्ताव भेजा गया है। इस शिक्षण सत्र के बाद इन स्कूलों को बंद भी कर दिया जाएगा। न तो इन स्कूलों में पर्याप्त छात्र हैं और न ही शिक्षक। नाथूराम मोतीलाल पाठशाला में तो मात्र चार छात्र और एक शिक्षक है। यही स्थिति दाजी मराठी स्कूल की है। स्कूलों को बंद करने का प्रस्ताव भेजने से पहले जिला शिक्षाधिकारी द्वारा इन स्कूलों का निरीक्षण करवाया गया। निरीक्षण के दौरान मिली स्थितियों को देखते हुए प्रस्ताव बनाया गया।






**ऐसे होगा व्यवस्थापन**

दोनों स्कूलों की संपत्ति निरंक हैं। विद्यालय के समस्त अभिलेख एवं अन्य सामग्री फर्नीचर, आलमारी, रेक, मध्यान्ह भोजन संबंधित बर्तन आदि को नजदीकी अनुदान प्राप्त संस्था नूतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में हस्तांतरित किया जाएगा। यहां के छात्रों को शासकीय माध्यमिक शाला ब्राह्मणपारा, शासकीय नगरपालिका शाला क्रमांक 03 में एडमिशन दिया जाएगा। शिक्षकों का संविलियन नूतन स्कूल, मेनोनाइट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं मेनोनाइट प्राथमिक शाला में किया जाना प्रस्तावित है।

**100 साल का शानदार इतिहास**

नाथूराम मोतीलाल पाठशाला की स्थापना सन 1925 हुई थी। नाथूराम जी के दो पुत्र कपूरचंद और मोतीलाल थे। मोतीलाल की कोई संतान नहीं थी। उन्होंने अपनी संपत्ति दान कर नाथूराम मोतीलाल संस्कृत पाठशाला की शुरूआत की थी। पहले इस स्कूल में छात्रों को संस्कृत पढ़ाया जाता था। बाद में छात्रों की संख्या कम हुई तो सन 190-82 के बीच तत्कालीन विधायक पंढरीराव पवार ने इसे माध्यमिक शिक्षा मंडल में मर्ज करवा दिया। इसके बाद यहां माध्यमिक शिक्षा मंडल की पढ़ाई शुरू हुई। किसी जमाने में इस स्कूल में पढ़ने के लिए जिलेभर से छात्र आते थे। इसी प्रकार दाजी मराठी स्कूल की शुरूआत सन 1930 में छात्राओं को शिक्षा देने के उद्देश्य से की गई। इस स्कूल का नाम दाजी मराठी कन्या शाला था। इस भवन को अमृतराव कृदत्त परिवार की ओर से दिया गया थ। बाद में इसे भी माध्यमिक मंडल में मर्ज किया गया।

## दो बाइक में सवार चार युवक हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ संबलपुर व मुजगहन के पास हुआ हादसा

अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसे में दो बाइक में सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की रात्रि रायपुर निवासी राकेश तिवारी व प्रमोद गुंजल धमतरी की तरफ से अपने घर रायपुर जा रहे थे। नेशनल हाईवे से गुजर रही उनकी बाइक को ग्राम संबलपुर के पास तेज रफ्तार लग्जरी बस ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर संजीवनी 108 व रक्तदान संस्था की एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हए घायलों को रायपुर रिफर कर दिया। घायल मेडिकल रिप्रेजेन्टिव बताए जा रहे हैं। वे धमतरी से काम निपटाकर वापस घर लौट रहे थे। बहरहाल घायलों का उपचार रायपुर के अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार हादसे में घायल एक युवक की याददास्त चली गई है।








गुरूवार की रात्रि दूसरी सड़क दुर्घटना ग्राम मुजगहन में हुई है। मुकेश यादव पिता नीलकंठ उम्र 32 वर्ष ग्राम देवकोट पुलिस चौकी कंवर निवासी व मिथिलेश नेताम पिता रोहित उम्र 35 वर्ष ग्राम लोहरसी थाना अर्जुनी निवासी बाइक क्रमांक सीजी 05 एएल 7954 में सवार होकर मुजगहन से गुजर रहे थे। इसी दौरान ट्रेलर क्रमांक सीजी 02 एन 6152 के चालक ने उनकी बाइक को ठोकर मार दी। घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को संजीवनी 108 एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल मिथिलेश नेताम को रिफर कर दिया गया। वहीं दूसरे घायल मुकेश यादव का उपचार जारी है।

## अवैध प्लाटिंग पर निगम टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ बुलडोजर चलाकर डंप मुरूम को किया जब्त


गोकुलपुर रोड शीतला मंदिर के पास खाली प्लाट में बिना परमिशन के अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा था। लोगों की सूचना पर निगम प्रशासन ने नोटिस भेजकर प्लाटिंग बंद करने का आदेश दिया। तीन बार नोटिस देने के बाद भी जवाब नहीं मिलने पर निगम टीम दल-बल के साथ बुलडोजर, ट्रेक्टर लेकर स्पॉट में पहुंची एवं स्पॉट में रखी अवैध मुरूम को जब्त कर डिवाइडर को बुलडोजर की मदद से समतल किया। कार्रवाई के बाद टीम ने संबंधित व्यक्ति को नियमानुसार प्लाटिंग करने का निर्देश दिया।



निगम टीम के इंजीनियर लोमेश देवांगन, वेदप्रकाश साहू, मनीष कुमार साहू, सुनील सालुंके, रामनारायण, हेमंत यादव, बंशी दीप, श्यामू सोना, गोविंद पात्रे, कुश नायक, संकेत गुप्ता, अनिल चौरे, खेमचंद, पवन हिरवानी ने बताया कि गोकुलपुर शीतला मंदिर के पास अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिली थी, जिसका रकबा लगभग 2 एकड़ है। करोड़ों की इस जमीन पर निगम से बगैर परमिशन के गुपचुप तरीके से प्लाटिंग कर निगम को लाखों का नुकसान पहुंचा रहा था। नोटिस के बाद भी संबंधित व्यक्ति पर कोई असर नहीं हुआ। खाली प्लाट में मुरूम डालकर उबड़-खाबड़ जमीन को समतल किया जा रहा था। प्लाटिंग के बाद चिन्हांकित जमीन पर सड़क बनाने मुरूम बिछाने का काम जारी था। प्लाटिंग के लिए दर्जनों हाइवा मुरूम डंप किया गया था। शुक्रवार को निगम की टीम मौके पर पहुंची और बनाई गई सड़क को बुलडोजर से उखाड़ा एवं समतल किया। डंप मुरूम को जब्त कर लिया गया है। कार्रवाई के दौरान संबंधित व्यक्तियों ने वैधानिक दस्तावेज नहीं दिखाया। जांच में पता चला कि भू स्वीकृति भी नहीं ली गई है। निर्माण कार्य की अनुमति भी नहीं ली गई थी।

विदित हो कि निगम क्षेत्र सहित ग्राम नगर निवेश क्षेत्र में सैकड़ों एकड़ खेती योग्य जमीन पर अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। निगम एवं जिला प्रशासन को जानकारी मिलने पर कार्रवाई की गई। इसके बाद भी अवैध प्लाटिंग का खेल थम नहीं रहा है। शहर के सीमावर्ती क्षेत्रों एवं निकटतम गांवों में यह खेल बदस्तूर जारी है। अवैध प्लाटिंग से कालोनियां अवैध की श्रेणी में आती है जहां मूलभूत व बुनियादी सुविधाओं का अभाव रहता है। इसके अलावा शासन-प्रशासन व निगम को करोड़ों रूपए की राजस्व की हानि होती है। खेती योग्य जमीन पर बगैर परमिशन के प्लाटिंग करना गैरकानूनी है।

## लंबे समय के बाद सटोरियों पर कार्रवाई, दो गिरफ्तार





■ सट्टा-पट्टी सहित नकदी जब्त

**धमतरी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर सट्टा-पट्टी लिख रहे दो सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टा पट्टी व नकदी जब्त की है। शहर व गांवों की गलियों में धड़ल्ले से सट्टा-पट्टी लिखी जा रही है। सटोरिये अंकों पर रूपये पैसों का दांव लगवाकर सट्टा खिला रहे हैं। पुलिस तमाम प्रयास के बाद भी सट्टा- जुआ पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। महिला-पुरूष सहित बच्चे भी चपेट में है। बीते कुछ दिनों से सटोरियों पर पुलिस की कार्रवाई थम सी गई थी। लंबे समय के बाद कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर रेड मारकर दो सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने विंध्यवासिनी वार्ड के गड्ढापारा में दबिश देकर खुलेआम सट्टा खिला रहे वार्ड के योगी सोनकर पिता राम उम्र 26 वर्ष सट्टा जुआ खिलाते रंगेहाथ पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो नग सट्टा-पट्टी व 5350 रूपये नकदी बरामद किया है। इसी तरह पुलिस ने सद्भावना चौक में रेड मारकर चन्द्रशेखर साहू पिता उत्तम 19 वर्ष को आम जगह पर सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से दो नग सट्टा-पट्टी व नगदी 2200 रूपये जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6(क) जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।


पुरूर पेट्रोल पम्प के पास हुआ हादसा

## दो ट्रक में भिड़ंत, एक चालक व सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कच्चा लोहा खाली कर वापस लौट रहे ट्रक की सामने से आ रहे दूसरे ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई। इस घटना में एक ट्रक का चालक व सवार घायल हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बचेली निवासी दीपक दुग्गा उम्र 27 वर्ष ट्रक चलाने का काम करता है। दीपक अपने ट्रक में बचेली की तरफ से आयरन ओर भरकर उसे खाली करने रायपुर गया था। उसके साथ परिचित ईश्वर सोनवानी पिता मनोज उम्र 24 वर्ष बचेली निवासी भी ट्रक में सवार होकर घूमने के लिए गया था। रायपुर में आयरन ओर खाली करने के बाद दोनों खाली ट्रक लेकर गुरूवार की रात्रि नेशनल हाईवे से होते हुए वापस बचेली लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से दूसरा ट्रक धमतरी की ओर आ रहा था। पुरूर पेट्रोल पम्प के पास दोनों ट्रक में जोरदार टक्कर हो गई। घटना में ट्रकों के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर से चालक दीपक दुग्गा घायल होकर केबिन में फंस गया। वहीं ईश्वर भी घायल हो गया। सूचना पर पुरूर पुलिस मौके पर पहुंची और अन्य लोगों की मदद से 4 घंटे के अथक प्रयास से चालक को केबिन से बाहर निकाला। घायलों को उपचार के लिया जिला अस्पताल लाया गया है।



## जोधापुर स्कूल के बरगद पेड़ में लगी आग

■ पूर्व पार्षद की सक्रियता एवं वार्डवासियों की सूझबूझ से आग पर काबू पाया गया

■ प्राथमिक-माध्यमिक शाला के दाखिला खारिज सहित महत्पूर्ण दस्तावेज जलने से बचे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

डाकबंगला वार्ड में शासकीय पीजी कालेज मार्ग पर जोधापुर प्राथमिक-माध्यमिक शाला सहित आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। असामाजिक तत्वों द्वारा परिसर के अंदर आग लगा दी गई। वह आग बरगद झाड़ के निचले हिस्से से होते हुए पेड़ की शाखाओं तक जा पहुंची। आग की लपटें नजर आने लगी जिसकी सूचना रात 9 बजे आसपास के निवासरत लोगों ने पूर्व पार्षद सोमेश मेश्राम को दी। श्री मेश्राम तत्काल पहुंचे और फायर बिग्रेड को सूचना दी। देर न करते हुए हुए फायर बिग्रेड की टीम आगजनी स्थल पहुंची। बिग्रेड टीम की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इससे गंभीर हादसा टल गया। गौरतलब है कि जोधापुर स्कूल विगत 40 वर्षों से संचालित हो रहे है। आग से स्कूल के महत्वपूर्ण दस्तावेज जलने से बच गए।




**आवश्यकता है**

घरेलू कार्य करने हेतु 4-5 युवतियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

आमातालाब गौरव पथ रोड, हिताची एटीएम के सामने गली धमतरी

मो.-90394-38030


अब तक साढ़े नौ हजार से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

# आज से शुरू होगी समर्थन मूल्य पर चना की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

**पांच हज़ार 650 रुपये क्विंटल की दर से होगी खरीदी**



जिले के चना उत्पादक किसानों से समर्थन मूल्य पर चना की खरीदी आज एक मार्च से शुरू हो रही है। इस वर्ष प्रधानमंत्री आशा योजना के तहत जिले में चने की फसल लगाने वाले किसानों से पांच हज़ार 650 रुपये प्रति क्विंटल की दर से चना की खरीदी की जायेगी। जिले में चना खरीदी के लिए चार उपार्जन केंद्र बनाए जा चुके हैं और चार नए केन्द्रों के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

धमतरी विकासखंड में प्राथमिक सेवा सहकारी समिति तरसींवा और लोहरसी को उपार्जन केंद्र बनाया गया है। इसी तरह कुरूद विकासखंड में प्राथमिक सेवा सहकारी समिति रामपुर और कातलबोड़ को उपार्जन केंद्र बनाया गया है। इन केन्द्रों पर आज से पंजीकृत किसानों से चना खरीदा जाएगा। कलेक्टर नम्रता गांधी ने अधिक से अधिक चना उत्पादक किसानों से पोर्टल पर पंजीयन कराने और अपनी चने की फसल पर वाजिब दाम लेने की अपील किसानों से की है। जिले में चना खरीदी के लिए नौ हजार 676 किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। जिले में अब तक धमतरी तहसील में पांच हज़ार 278, कुरूद तहसील में तीन हज़ार 909, मगरलोड तहसील में 311 और नगरी तहसील में 158 किसानों ने चना बेचने के लिए पंजीयन करा लिया है। पंजीयन पोर्टल पर किसानों का पंजीयन लगातार जारी है।

कृषि विभाग के उप संचालक मोनेश साहू ने बताया कि चने की फसल लगाने वाले किसान अपना पंजीयन किसान पोर्टल पर अभी भी करा सकते है। पोर्टल अभी चालू है। इसके लिए किसानों को अपने खेत की ऋण पुस्तिका, आधार नम्बर, बैंक पास बुक और मोबाइल नम्बर के साथ आवेदन अपने क्षेत्र की सहकारी समिति में जमा करना होगा। पोर्टल पर पंजीयन के बाद क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा फ़सल का सत्यापन किया जाएगा।


**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### बाहरराय में हुई देव फूल मड़ई

**नगरी।** महाशिवरात्रि पर बाहरराय बाबा में देव फूल मड़ई का आयोजन रखा गया। ग्राम पंचायत कोलियारी के आश्रित ग्राम पंडरीडबरी में रात्रि में मावलीभाटा ओडिशा का कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 11 के अजय फत्तेलाल ध्रुव, नवनिर्वाचित जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 06 कलावती मरकाम होंगे। यह जानकारी सरपंच कोलियारी मोनिका मंडावी, शंभु टेकाम, सुदधूराम मरकाम, नारायण मरकाम, अघनू राम मंडावी, चिंताराम तुमरेटी, सोमर सिंह नेताम, तुलसी मंडावी, चिंताराम नेताम, रामलाल तुमरेटी, जलसू राम तुमरेटी, सिकंदर मंडावी ने दी है।

### चरमुड़िया स्कूल में हुआ न्योता भोज



**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय प्राथमिक शाला रेलवे स्टेशन पारा ग्राम चरमुड़िया में प्रभा पटेल के बेटे, दीपक पटेल और बहू अर्पणा पटेल द्वारा शादी की पहली सालगिरह पर न्योता भोज करवाया गया। इस दौरान कक्षा पहली से पांचवीं तक के छात्र छात्राओं को खीर, पूड़ी, चावल, दाल, सब्जी दी गई।

### किसानों को मिली 22.75 करोड़ की पीएम सम्मान निधि

**धमतरी।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत इस वर्ष धमतरी जिले के किसानों को 19 वीं किस्त जारी कर लाभान्वित किया गया है। जिले के एक लाख एक हजार 107 किसानों के खातों में 22 करोड़ 75 लाख रूपये अंतरित किये गये है। इस राशि से किसान अपनी जरूरतों के अनुरूप खाद, बीज, दवाईयां सहित अन्य पारिवारिक जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों की आय को दोगुना करने और उनको आर्थिक रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत देश के प्रत्येक पात्र कृषक परिवार को प्रतिवर्ष 6 हजार रूपये सीधे उनके खाते में भेजकर उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।


गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336


अध्यक्ष पद की दौड़ में भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने

# नगरी जपं में अध्यक्ष पद के लिए घमासान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

जिले की जनपद पंचायत नगरी में अध्यक्ष पद को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच जबरदस्त सियासी घमासान छिड़ गया है। 25 सीट वाले इस जनपद पंचायत में भाजपा समर्थित 12, कांग्रेस समर्थित 11 और 2 निर्दलीय प्रत्याशी विजयी हुए हैं।

गौरतलब है कि निर्दलीय जीतने वाले दोनों सदस्य भाजपा से जुड़े रहे हैं और चुनाव में पार्टी से समर्थित प्रत्याशी घोषित नहीं होने के कारण उन्होंने बागी होकर चुनाव लड़ा था। अब जब अध्यक्ष पद का चुनाव सिर पर है, तो दोनों दलों को अपने सदस्यों को एकजुट रखने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

### किसका होगा जनपद पंचायत पर कब्जा, सियासी हलचल तेज



### दोनों दलों के लिए परीक्षा, क्रॉस वोटिंग से बचाने की रणनीति

भाजपा की ओर से श्रीमती प्रेमलता नागवंशी, महेश गोटा और श्रीमती शशि ध्रुव अध्यक्ष पद के प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। वहीं कांग्रेस की ओर से प्रमोद कुंजाम और मुनेंद्र ध्रुव संभावित उम्मीदवार हैं। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि यदि नवनिर्वाचित सदस्य क्रॉस वोटिंग कर गए, तो दोनों दलों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा को डर है कि बिना पार्टी समर्थन से जीते और समर्थित सदस्यों में से कुछ कांग्रेस के पक्ष में मतदान न कर दें। वहीं, कांग्रेस को चिंता है कि उसके 11 सदस्यों में से कोई भाजपा खेमे में न चला जाए। सूत्रों की माने तो दोनों दल अपने सदस्यों को धार्मिक स्थलों पर ले जाकर शपथ दिलवा रहे हैं कि वे पार्टी के फैसले के अनुरूप ही वोट करेंगे। इसके बावजूद आंतरिक असंतोष और व्यक्तिगत समीकरणों के कारण कुछ सदस्यों के पार्टी लाइन से बाहर जाने की आशंका बनी हुई है।

### क्या क्रॉस वोटिंग इस चुनाव की पूरी तस्वीर बदल सकती है

नगरी जनपद पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद का चुनाव क्षेत्र की राजनीति की दिशा तय करेगा। जनता उत्सुकता से इस सियासी दंगल के परिणाम का इंतजार कर रही है। कुल मिलाकर दोनों ही दलों के वरिष्ठ नेता वह सभी दांव पेंच आजमाते दिख रहे हैं, जिससे नगरी जनपद पंचायत में उनकी पार्टी के समर्थन वाली सरकार बन जाये।

### भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई

धमतरी जिले के अन्य जनपद पंचायतों में भाजपा की स्थिति मजबूत दिख रही है, लेकिन नगरी जनपद पंचायत में समीकरण उलझे हुए हैं। भाजपा किसी भी हाल में यहां अपनी सरकार बनाना चाहती है, जबकि कांग्रेस इसे अपने लिए संजीवनी के रूप में देख रही है। यदि कोई सदस्य अपनी पार्टी लाइन से हटकर मतदान करता है, तो समीकरण पूरी तरह बदल सकते हैं। इस अनिश्चितता के कारण दोनों दलों के रणनीतिकारों और वरिष्ठ नेताओं की धड़कनें तेज हो गई हैं। अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या भाजपा चुनाव में उतारे अपने समर्थित प्रत्याशियों को अध्यक्ष पद का प्रत्याशी घोषित कर उसे अध्यक्ष बना पाएगी या उसे बागी निर्दलियों में से किसी को मौका देना पड़ेगा। क्या कांग्रेस अपने सदस्यों को एकजुट रख पाएगी और सत्ता तक पहुंच सकेगी।

## अधिसूचना जारी : 6 को जनपद पंचायत के प्रथम सम्मिलन में होगा अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव

- 8 मार्च को नगर सरकार लेगी शपथ, ग्राम पंचायतों में चुने जाएंगे उपसरपंच




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव निपटने के बाद अब नई सरकार के शपथ ग्रहण को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। 3 मार्च को ग्राम पंचायत का प्रथम सम्मिलन होगा जबकि 6 मार्च को जनपद पंचायत के प्रथम सम्मिलन के साथ अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन कराया जाएगा। वहीं नगर पंचायत में 8 मार्च को पहले शपथ ग्रहण होगा फिर 10 मार्च को नगर पंचायत के उपाध्यक्ष चुने जाएंगे।

ज्ञात हो कि प्रथम सम्मिलन को लेकर राजपत्र में 24 फरवरी को प्रकाशन कर दिया गया है। जिसके चलते जिला प्रशासन द्वारा 27 फरवरी को अधिसूचना जारी कर जिला, जनपद और नगरीय निकाय के साथ ही ग्राम पंचायत के प्रथम सम्मिलन की तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

12 मार्च से पहले सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ लेना होगा। इस बार कुरुद ब्लाक की 105 ग्राम पंचायतों में 3 मार्च को पंच- सरपंच शपथ लेंगे। इसके बाद 8 मार्च को पंचों में से उपसरपंच का चयन किया जाएगा। जबकि जनपद पंचायत कुरुद में 6 मार्च को अध्यक्ष उपाध्यक्ष के चुनाव के बाद 10 मार्च को निर्वाचित सदस्यगण विशेष सम्मिलन में भाग लेंगे।

### इस तरह होगा उपसरपंच का चुनाव

यदि किसी गांव में सरपंच सामान्य वर्ग का व्यक्ति बन गया है तो उस ग्राम पंचायत में उपसरपंच एसटी, एससी या ओबीसी वर्ग से ही होगा। वहीं यदि सरपंच एसटी, एससी या ओबीसी वर्ग से होगा तो उपसरपंच का पद अनारक्षित हो जाएगा। इसके साथ ही किसी भी ग्राम पंचायत में उपसरपंच पद के निर्वाचन में भाग लेने के लिए दावेदार के पास अन्य पंच का साथ होना जरूरी है। एक प्रस्तावक और समर्थक होने पर ही उपसरपंच के निर्वाचन में भाग ले पाएंगे। खास बात यह है कि एक पंच एक ही दावेदार का समर्थक या प्रस्तावक बन पाएगा।

### भाजपा के पास है बहुमत का आंकड़ा

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत भखारा (भठेली) एवं जनपद पंचायत कुरुद में भाजपा को बहुमत का आंकड़ा मिल गया है। ऐसे में भाजपा पार्टी एक साथ सभी जगह शपथ ग्रहण को लेकर योजना तैयार कर रही है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो दिन में शहरी सरकार की शपथ कराने के बाद जनपद का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं नपं कुरुद में भाजपा पार्षदों का बहुमत नहीं आया है। बावजूद उपाध्यक्ष के लिए अपना प्रत्याशी उतारने की रणनीति तैयार कर कार्ययोजना बनाएंगे। इससे पहले सभी निर्वाचित प्रत्याशियों की बैठक लेकर उन्हें पार्टी का अनुशासन बताया जायेगा।

## कोसरिया मरार पटेल समाज का वार्षिक महाअधिवेशन आज

- समाज की वर्तमान स्थिति, नई योजनाओं की समीक्षा की जायेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज का वार्षिक महाअधिवेशन 1 मार्च को सिहावा के कर्णेश्वर महादेव मंदिर परिसर देऊरपारा में होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे मां शाकंभरी की पूजा से होगा।

शुभारंभ अवसर के अतिथि अमर सिंह पटेल संरक्षक को.म.स. सिहावाराज, लतखोर राम पटेल को.म.स. सिहावाराज, नारायण सिंह पटेल खुटैत को.म.स. सिहावा राज, कन्हैया लाल कौशल अध्यक्ष को.म.स. सिहावाराज, सियाशरण पटेल अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, श्रीमती कामिनी पटेल अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ सहित नगर पंचायत नगरी के नव निर्वाचित पार्षद असकरण पटेल एवं नरेश पटेल होंगे। अधिवेशन के दौरान समाज के संगठनात्मक विकास, सामाजिक उत्थान, शिक्षा, रोजगार एवं युवा सशक्तिकरणपर चर्चा की जाएगी दोपहर 12 बजे क्षेत्रीय अध्यक्षों का स्वागत, दोपहर 1 बजे से 2 बजे भोजन अवकाश, दोपहर 2 बजे से 4 बजे समाज के विभिन्न विषयों पर वक्तव्य एवं परिचर्चा होगी। समापन समारोह के अतिथि विधायक अंबिका मरकाम, प्रदेश संयोजक राजेंद्र नायक, प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला पंचायत सदस्य अरुण सार्वा, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, कोसरिया मरार समाज के जिला अध्यक्ष मिश्री लाल पटेल, कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विकल गुप्ता, जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी एवं वनपरिक्षेत्र अधिकारी नरेश चंद्रदेव होंगे।

अधिवेशन में समाज की वर्तमान स्थिति, नई योजनाओं की समीक्षा एवं भविष्य की रणनीतियों पर विशेष चर्चा होगी। समाज के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर आगामी दिशा तय की जाएगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजू पटेल ने दी है।

## उमरगांव में गोड़वाना समाज ने मनाया महाशिवरात्रि पर्व



- बच्चों ने आदिवासी एवं छत्तीसगढ़ी गीत पर किया नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम उमरगांव में गोड़वाना समाज द्वारा महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया। कलश यात्रा के साथ गली भ्रमण किया गया। आदिवासी वेशभूषा में समाजजनों ने जयकारे लगाए। कार्यक्रम स्थल हर्रापारा में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। बच्चों ने आदिवासी गीत एवं छत्तीसगढ़ी गीत पर नृत्य किया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित जनपद सदस्य क्षमा साहू थीं। अध्यक्षता कृष्ण कुमार मारकोले अध्यक्ष गोड़वाना समाज ने की। विशेष अतिथि नवनिर्वाचित सरपंच अंजना ध्रुव, पंचगण, ग्राम पटेल लीलाम्बर शेष, महेश अग्रवाल, नारायण दास, धनेश राम मरकाम, रमेश दास मानिकपुरी, मंशा राम सोम, रोहित मरकाम थे।

महाशिवरात्रि पर्व पर ग्राम उमरगांव में मेला लगा। मेला का आयोजन 17 वर्ष से हो रहा है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मया के संदेश कोल्दा गबौद खल्लारी महासमुंद की प्रस्तुति हुई। हास्य प्रहसन, छत्तीसगढ़ी गीत पर समां बांधा। लोग देर रात्रि तक देखते रहे। इस आयोजन में भगवान सिंह कुंजाम, शोभित राम नेताम, राजेन्द्र मरकाम, महेश्वर मारकोले, प्रेमलाल, सोमन, लोकप, देवराज , सुरेश मरकाम, रामेश्वर मारकोले, चेवन ध्रुव, लताबाई कोडोपी, मालती, अनीता, हुलसी बाई, प्रियंका, मीनाक्षी, सरिता, सुन्दरी, जयश्री मरकाम समेत ग्रामवासी मौजूद थे।

# खुले बाजार से अधिक कीमत में खाद खरीदने किसान विवश

- सोसाइटी में समय पर नहीं मिलती खाद, किसानों की जेब में सीधा डाका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों की आमदनी दोगनी करने तथा कम लागत में कृषि कार्य कर अधिक आमदनी प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। विडंबना यह है कि सोसाइटी के माध्यम से खाद समय पर उपलब्ध नहीं होने के कारण किसान खुले बाजार से खाद लेने मजबूर हैं। खुले बाजार में खाद का दाम अधिक होने से किसानों की जेब में सीधा डाका डाला जा रहा है। सोसाइटी में कभी डीएपी मिलेगा तो कभी यूरिया खत्म हो जाएगा। जब यूरिया मिलेगा तो डीएपी खत्म हो जाता है। समय पर पूरी खाद किसानों को नहीं मिलती है। खुले बाजार में खाद व्यापारियों के पास डीएपी, यूरिया, पोटाश सभी खाद का भंडार रहता है। यही सामग्री सोसाइटी में समय पर नहीं मिलती है। शासकीय दर पर सोसाइटी में डीएपी 1350 रू तथा यूरिया 266 रूपये 50 पैसे निर्धारित है। किंतु खुले बाजार में खाद व्यापारी डीएपी को 1600, 1700 ,1750 तथा यूरिया 420,450, 500रू तक बेच रहे है। खुले बाजार में किसान यूरिया खरीदने जाते है तो यूरिया के साथ डीएपी खाद या अन्य कीटनाशक दवाई लेने पर ही यूरिया खाद दिया जाता है। इसके बाद भी यूरिया 420,450 रू में दिया जाता है।

जिले में अधिक दाम पर खाद बेचने पर लगाम लगाने तथा कार्रवाई के लिए कृषि विभाग द्वारा ब्लॉक स्तर पर जांच निरीक्षक नियुक्त किया गया है। कृषि विभाग निरीक्षक द्वारा जांच के नाम पर मात्र औपचारिकता निभाई जा रही है। खाद का मानक, दाम, कीटनाशक दवाई जिस कम्पनी का लाइसेंस है । उसके अलावा दर्जनों कम्पनी की कीटनाशक दवाई बाजार में धड़ल्ले से बिक रही है। कृषि विभाग के उच्च अधिकारी को जांच रिपोर्ट संतोषप्रद बताया जा रहा है।

विकासखंड मगरलोड अंतर्गत लगभग 150 दवाई दुकान तथा 60 खाद बिक्री केंद्र संचालित है। मगरलोड, मोहंदी, बोरसी, मेघा, करेली छोटी, कुंडेल, करेली बड़ी, खिसोरा, भेंडरी, नवागांव , सिंगपुर आदि अनेक गांव है जहां कृषि दुकान संचालित है। नान प्रशिक्षित मजदूरों के द्वारा कीटनाशक दवाई की बिक्री की जाती है। भोले भाले किसानों को धान में बीमारी के नाम पर बिना पंजीकृत कंपनी की दवाई दी जाती है।

### किसानों की शिकायत पर जांच होगी : निरीक्षक

खुले बाजार में खाद का अधिक दाम होने से किसान परेशान हैं। कृषि विभाग द्वारा कृषि खाद दुकान ,कीटनाशक दवाई दुकान पर निरीक्षण एवं जांच करने का अधिकार है। ताकि उचित दाम उचित मानक की सामग्री किसानों को प्राप्त हो सके। निरीक्षक एवं जांच अधिकारी श्री देवांगन से मोबाइल पर चर्चा में बताया कि किसानों द्वारा शिकायत करने पर जांच की जाएगी। विभागीय जांच समय-समय पर की जाती है। जिसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारी को दी जाती है।

## अंचल की खबरें

### पथर्रापारा एवं छिन्दीटोला में हुई शिवलिंग की स्थापना



**नगरी।** ग्राम उमरगांव के पथर्रापारा एवं छिन्दीटोला में नये शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा ग्राम के पुरोहित द्वारिका प्रसाद पाण्डेय द्वारा की गई। महाशिवरात्रि पर पथर्रापारा गोवर्धन चौक में मंदिर बनाकर शिवलिंग की स्थापना की गई। इस अवसर पर नारायण दास, टिकेश सेन, दिलीप निषाद, बेददास मानिकपुरी, चन्द्रभान यादव, रामसिंह, धनेशराम ध्रुव एवं नवनिर्वाचित सरपंच अंजना ध्रुव, जनपद सदस्य क्षमा साहू समेत अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

### नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने विधायक से की मुलाकात



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत डांडेसरा के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने कुरूद विधायक अजय चंद्राकर से उनके निवास स्थान में मुलाकात की। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच खुमेश्वरी साहू, वार्ड पंच ताराबाई यादव, अरविन्द साहू, शेषनारायण साहू, पूर्णिमा टंडन, कमलेश्वरी साहू, आसीन कंवर, रजनी कंवर, जालमसिंग साहू, नेहरूलाल ध्रुव, दामिनी चंद्राकर, संजय जोशी, दीपक साहू, पूर्णिमा कंवर, देवकी जांगड़े उपस्थित थे।

### कठौली में खेमराज साहू बने सरपंच



- 524 मतों से जीत दर्ज की

**सिर्री।** ग्राम पंचायत कठौली में भाजपा समर्थित प्रत्याशी डा. खेमराज साहू 524 मतों से जीतकर कठौली के सरपंच बने। कठौली में कुल 15 वार्ड है। कुल 1495 मतदाताताओं में से 1390 लोगों ने ही मतदान किया। डा. खेमराज साहू को कुल 927 मत प्राप्त हुए। वहीं कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी गुलाब निषाद को 403 वोट ही मिल पाया। खेमराज 524 मतों से विजयी हुए और पंचायत चुनाव निर्वाचन अधिकारी से प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया। सरपंच, पंच ने आभार रैली निकाली और गांव का विकास करने हमेशा प्रयासरत रहने की बात कही। मौके पर ऋषभ निषाद, डोमार साहू बूथ अध्यक्ष, सागर साहू मंत्री भाजयुमो सिर्री मंडल, महेंद्र साहू, छबिलाल साहू, नोहर साहू, डोमन साहू, रति साहू, राधेश्याम, ओमराम साहू, रामचंद साहू, अर्जुन निषाद, प्रकाश निषाद, किशुन पटेल, केसरी साहू, छत्रपाल साहू, लक्ष्मण यादव, अनिरुद्ध निषाद, मोहन साहू, भागीराम साहू, विनोद साहू, घनश्याम साहू शामिल रहे।

### गोबरा, भालुकोना की कमान मतिबाई संभालेंगी



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत गोबरा एवं भालुकोना में इस बार भाजपा समर्थित मतिबाई रामजी साहू ने 30 साल बाद ऐतिहासिक जीत के साथ सरपंच पद पर जीत दर्ज की है। डीजे की धुन के साथ विजय प्रत्याशियों ने जुलूस निकालकर मतदाताओं का आभार प्रदर्शन किया। मति बाई ने कहा कि सभी वर्ग को साथ लेकर ग्राम विकास का कार्य करेंगे। इस अवसर पर चोवाराम साहू, नरेन्द्र कुमार साहू, नीलमणि साहू, गुलशन कुमार साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

### सूर्यकांत बने ग्राम पंचायत इर्रा के सरपंच



- 131 वोट से लीड दिलाकर जनता ने बनाया सरपंच

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत इर्रा में पंचायत चुनाव के दौरान 4 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा। भाजपा ने अजय साहू एवं कांग्रेस ने सूर्यकांत साहू को मैदान में उतारा था। निर्दलीय प्रत्याशी विरेंद्र साहू और योगेश्वर साहू भी चुनावी मैदान में डटे रहे। सूर्यकांत साहू को 493 मत, अजय साहू को 362 मत मिले। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी विरेंद्र साहू को 169 मत और योगेश्वर साहू को 73 मत मिले। जनता ने इस बार कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी सूर्यकांत साहू को 131 वोटों से लीड कराते हुए गांव का विकास करने सरपंच चुना। इर्रा में लगभग 97 प्रतिशत मतदान हुआ। नवनिर्वाचित सरपंच ने पंचायत चुनाव निर्वाचन अधिकारी से प्रमाण पत्र प्राप्त किया। गांव में कुल मतदाता 1350 रहे और वार्ड की संख्या 14 है। चुनाव परिणाम आने पर नवनिर्वाचित सरपंच, पंच ने आभार रैली निकाली। इस मौके पर श्री साहू ने कहा कि जनता ने विकास को लेकर उन पर भरोसा जताया है। वह गांव का विकास करने निरंतर प्रयासरत रहेंगे। रैली के दौरान ग्रामीण एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

## शिवरात्रि जीवन को प्रकाशमान बनाने का संदेश देती है : बीके करुणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तपस्या भवन भखारा द्वारा 89 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित नपं अध्यक्ष ज्योति जैन, समाजसेवी हरख जैन, एबीओ चन्द्र कुमार, समाजसेवी दुलार सिन्हा, जितेन्द्र संचालक भारती संस्कृति स्कूल, बीके करुणा थे। मुख्य वक्ता सेंटर संचालिका बीके करुणा ने कहा कि शिवरात्रि हमें अज्ञानता की नींद से जगाकर अपने जीवन को प्रकाशमान बनाने का संदेश देती है। दुनिया इसे शिवरात्रि के रूप में मनाती है। हम इसे शिव जयंती के रूप में मनाते हैं। श्री कृष्ण के लिए जन्माष्टमी, राम के लिए रामनवमी शब्द लगाते हैं लेकिन एक परमात्मा के लिए ही जयंती शब्द लगाते हैं। अर्थात वह कभी न कभी इस धरा पर जन्म लिया है। जब उस पिता का अवतरण होता है तो साथ-साथ बच्चों का जन्मदिन भी मनाया जाता है। यह संगम युग ही है जहां आत्मा और परमात्मा का जन्मदिन साथ-साथ मना रहे हैं। शिव को जानने के लिए उसका ज्ञान जरूरी है। शिवरात्रि पर विशेष पूजा के लिए फल - फूल तथा जहरीले, कटीले फूल अक, धतूरा, बेलपत्र चढ़ाए जाते हैं। अपने अंदर की कमी कमजोरी, अवगुण, बुराई को उस परमात्मा पर चढ़ा दें। और इसके बदले परमात्मा जो ज्ञान, अमृत देते हैं, उससे मनुष्य से देवता बनते हैं।

मुख्य अतिथि ज्योति जैन ने भी अपने विचार रखे। एबीओ ने कहा कि त्योहार, जयंती, पर्व को कैसा मनाया जाता है, इसका ज्ञान और समझने का मौका ब्रह्माकुमारी दीदियों से मिलता है। जितेन्द्र ने कहा कि महाशिवरात्रि जीवन जीने की कला सिखाती है। शिव ने प्राणी मात्र के कल्याण के लिए हलाहल विष को पीया। महाशिवरात्रि अपने अंदर की बुराई को खत्म कर मानव से महामानव बनने की कला सिखाती है।

दुलार सिंह ने कहा कि यहां आने से पता चला कि शिव सृष्टि की स्थापना ,पालन और विनाश का कार्य स्वयं करते हैं। ज्ञान, साधना, त्याग, कर्म से मनुष्य देवता तुल्य बन सकते हैं। सभी ने शिव जयंती पर ध्वजारोहण किया। प्रतिज्ञा भी ली।


Pride of Dhamtari



सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग
शुद्ध आहार शाकाहार
ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, धमतरी
धमतरी
निगम सामुदायिक भवन
राखेचा भवन
भवन सुविधा उपलब्ध
94063-16777
73890-66777
शांतिपुर पुरूर
सूर्या मैरिज ग्राउण्ड
राजवीर वाटिका



शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

सबसे कम दाम SANJAY ARTS सबसे अच्छा काम
फ्लेक्स प्रिंटिंग — फ्लैक्स बेनर, फ्लैक्स बोर्ड ग्लोसाईन बोर्ड, सनबोर्ड सनपैक बोर्ड, विनायल प्रिंटिंग
मल्टीकलर प्रिंटिंग — शादी कार्ड, आमंत्रण कार्ड, विजिटिंग कार्ड एवं अन्य प्रिंटिंग कार्य किया जाता है
LED बोर्ड — ए.सी.पी., एल.ई.डी., चाबी रिंग कटिंग, नम्बर प्लेट कर तुरंत तैयार किया जाता है
मार्बल एवं ग्रेनाईट पत्थर — लोकार्पण, शिलान्यास, उद्घाटन एवं भवनों के नेम प्लेट कम्प्यूटर द्वारा खुदाई कर बनाया जाता है
रेडियम कटिंग — नम्बर प्लेट, टेबलनेम प्लेट, IND नम्बर, दिवाल नेम प्लेट लोकार्पण, भूमिपूजन कार्य
CNC राउटर कटिंग — वुडन, ए.सी.पी., कोरियन कटिंग एक्रेलिक वर्क एवं गिफ्ट आयटम
सिहावा रोड, फॉरेस्ट ऑफिस के सामने, धनवंतरी (सी. मार्ट.) के बाजू, धमतरी 9827111438, 9685928560, 7000909964

## अंचल की खबरें

### महाशिवरात्रि का पर्व अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है



**आमदी(धमतरी)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आमदी के तत्वावधान में 89 त्रिमूर्ति शिव जयंती मनाई गई। पूर्व नपं अध्यक्ष हेमंत माला ने ध्वजारोहण कर दीप प्रज्वलन किया। बीके ज्योति, खिलेश ने बताया कि महाशिवरात्रि का पर्व हर वर्ष बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। महाशिवरात्रि का पर्व अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है जब मानव अज्ञान, अंधेरी रात्रि में रास्ता भटक जाता है तो स्वयं परमात्मा ज्ञान का प्रकाश देकर आत्माओं की ज्योति जगाते हैं।

### रचनात्मक लेखन के लिए तृप्तिरानी को मिला सम्मान



**धमतरी।** शासकीय कन्या प्राथमिक शाला आमदी की प्रधानपाठिका तृप्तिरानी मंडावी को विनोबा एप के माध्यम से बच्चों के लेखन कौशल को निखारने, रचनात्मक लेखन में उत्कृष्ट कार्य के लिए एक जिलास्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर नम्रता गांधी ने सम्मानित किया। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय परिवार, पालकगण एवं समिति के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### ऐतिहासिक जीत के साथ फुसेरा की जमुना बनीं सरपंच



**जीजामगांव।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अधिकांश जगह पर भाजपा समर्थित प्रत्यशी ने जीत हासिल कर भाजपा का मान बढ़ाया है। इसी क्रम में ग्राम फुसेरा में भाजपा समर्थित प्रत्याशी जमुना राजेंद्र साहू ने ऐतिहासिक जीत प्राप्त की है। चुनाव मैदान में 3 प्रत्याशी प्रमिला ओमप्रकाश साहू, ललित ढालचंद बंजारे एवं जमुना साहू थी जिसमें जमुना राजेंद्र साहू 482 मत प्राप्त कर 331 वोटों से विजयी रही। ग्रामीणों ने बताया कि जमुना साहू ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है। इसी तरह वार्डों में 4 पंच यशवंत विश्वकर्मा, भूमिका साहू, निर्मला वर्मा एवं शकुन भीमो निर्विरोध चुने गए। अन्य वार्ड में प्रियंका साहू, कंचन नेताम, शेषपाल वर्मा, नेमीचंद लहरे, वंदना वर्मा और तीजियाबाई यादव के विजय होने के बाद ग्रामीणों ने उनका ऐतिहासिक स्वागत किया।

### करगा स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी गई विदाई



**जीजामगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करगा के कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य अनुराग साहू ने मां भारती, मां सरस्वती के छायाचित्र की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अनुराग साहू ने बताया कि जब हम आपको अलविदा कहते हैं, तो हमें उन सभी शानदार और मजेदार यादों की याद आती है जो हमने सालों से साथ मिलकर बनाई है। हमें आपको जाते हुए देखकर दुख हो रहा है, लेकिन हम यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि जीवन आपको आगे कहां ले जाता है। आज हम आपको विदा कर रहे हैं, लेकिन हमारे विद्यालय में आपकी यादें हमेशा बनी रहेंगी। आप अपने जीवन में हर लक्ष्य को हासिल करें। कार्यक्रम में ग्रामीणजन, शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सशिमं मड़ाईभाठा में विदाई समारोह हुआ



**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर मड़ाईभाठा में कक्षा नवमीं के विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह रखा। मुख्य अतिथि गणेश राव पवार व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर मड़ाईभाठा, विशेष अतिथि चन्द्रेश चांद नवनिर्वाचित सरपंच मड़ाईभाठा थे। सरपंच चन्द्रेश ने कहा कि जब हम आपको अलविदा कहते हैं, तो हमें उन सभी शानदार और मजेदार यादों की याद आती है जो हमने सालों से साथ मिलकर बनाई हैं। हमें आपको जाते हुए देखकर दुख हो रहा है, लेकिन हम यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि जीवन आपको आगे कहां ले जाता है। गणेशराव पवार ने कहा कि आज हम आपको विदा कर रहे हैं, लेकिन हमारे विद्यालय में आपकी यादें हमेशा बनी रहेंगी। आप अपने जीवन में हर लक्ष्य को हासिल करें। कार्यक्रम में गिरीश पवार, जितेन्द्र साहू, चम्पा देवी, भगवती पवार, अमन राव, अंगेश सेन, रेणुका साहू, चन्द्रकला साहू, तोरण लाल, दुलेश्वरी साहू, नेहा गायकवाड़, नेमीन साहू, राजकुमार, डिम्पल यदु उपस्थित थे।

### कलारतराई में महाशिवरात्रि पर हुआ भंडारा



**धमतरी।** ग्राम कलारतराई के कल्याणकारी महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव पर अभिषेक, हवन पूजन के पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया। दोपहर में श्रीराम मानस मंडली पीपरहट्टा ओनवा छुरा गरियाबंद का भजन हुआ। रात्रि में छत्तीसगढ़ी मयारू नाचा पार्टी बिरेतरा बालोद का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर रामकुमार साहू, पतिराम सिन्हा, शिवलाल साहू, पूनाराम साहू, खिलेश सेन, पूरण सिन्हा, रवि सिन्हा, डोमन साहू, संतोष ध्रुव, संवत निर्मकर, महेन्द्र साहू, डॉ गजेन्द्र साहू, प्रीतराम साहू, गोपाल साहू, माधवेंद्र हिरवानी, तरुण साहू, लवन किशोर साहू समेत अन्य मौजूद थे।

# एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग

- अधिवक्ता संघ ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



अधिवक्ता संघ कुरुद ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने एवं एडवोकेट एक्ट में प्रस्तावित संशोधन बिल 2025 को निरस्त करने की मांग को लेकर न्यायालयीन कार्य का एक दिवसीय विरत रहने की सूचना देकर राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी कुरुद को ज्ञापन सौपा। मौके पर संघ के अधिवक्तागण बीडी साहू, आईएस परमार, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, गुणवंत सोलंके, रमेश सिन्हा, तरुण यदु, जेपी साहू, नरेश डिंगरे, यशवंत साहू, जीवराम ध्रुवंशी, मोहेंद्र चंद्राकर, महेंद्र साहू, हेमन्त सिन्हा, एमएस भरतद्वाज, गुलेश्वर साहू, ऐनेन्द्र साहू, हेमन्त निर्मलकर, प्रदीप यादव, सुमन ठाकुर, यजुर्वेद साहू, जालम साहू, राम खिलावन लहरी, तोष कुमार चक्रधारी, ममता सोनकर, भुनेश्वरी साहू, नीतू तोड़ेकर, ठाकुर राम सेन मौजूद थे।


# शिवालयों में महापौर ने की पूजा-अर्चना

रूद्रेश्वर व बुढ़ेश्वर महादेव की कृपा हमेशा शहर पर बनी हुई है : रामू



**धमतरी।** महाशिवरात्रि पर्व पर नव निर्वाचित महापौर रामू रोहरा ने शिवालयों में जाकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। श्री रोहरा सर्वप्रथम महानदी किनारे स्थित रूद्रेश्वर महादेव में पूजा अर्चना की। तत्पश्चात शहर के हृदय स्थल में स्थित बुढ़ेश्वर महादेव के दर्शन किए। अन्य शिव मंदिरों महाकालेश्वर, नागेश्वर, गोकुलपुर, महात्मा गांधी, ज्योति कुंज पुटू ढाबा, जीडीए कॉलोनी में आयोजित पूजा पाठ में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि धमतरी धर्म की नगरी है। यहां पर रूद्रेश्वर और बुढ़ेश्वर स्वयंभू महादेव विराजित हैं जिनकी कृपा हमेशा नगर व नगरवासियों पर बनी रहती है। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि पर संपूर्ण नगर शिवमय हो गया है।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



DMT_BHOOMI_01_2024-04_Layout 1 28-Feb-25 10:32 PM Page 1
































इंडोर स्टेडियम में होगा समारोह, प्रभारी मंत्री सहित तीनों विस के विधायक होंगे शामिल

# महापौर सहित 40 पार्षद आज लेंगे शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आज इंडोर स्टेडियम आमातालाब रोड में महापौर सहित 40 पार्षद कर्तव्य और गोपनीयता की शपथ लेंगे। सुबह 11 बजे आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा जिला प्रभारी मंत्री होंगे। अध्यक्षता सांसद रूपकुमारी चौधरी करेंगी। विशिष्ट अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, धमतरी विधायक ओंकार साहू, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम तथा छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद होंगे।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम धमतरी में महापौर, पार्षदों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद 5 जनवरी को प्रशासक ने नगर निगम की कमान संभाली थी। चुनाव संपन्न होने के बाद 1 मार्च को शपथ ग्रहण के साथ निकाय के जनप्रतिनिधि शहरी सत्ता में काबिज हो जाएंगे।

### जगह परिवर्तन के साथ आमंत्रण पत्र में सुधार

निगम अधिकारी शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन में जोर-शोर से जुटे हैं। शुक्रवार शाम को जारी आमंत्रण में समारोह को गांधी मैदान में बताया गया था। वहीं आमंत्रण में धमतरी विधायक का नाम नहीं था। कांग्रेसी पार्षदों ने निगम आयुक्त को इस ओर ध्यानाकर्षण किया। फिर निगम अधिकारियों ने आनन-फानन में विधायक ओंकार साहू से संपर्क किया। इसके साथ सिहावा विधायक एवं छग पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष को अतिथि के रूप में शामिल किया गया। कांग्रेस-भाजपा के पार्षद इंडोर स्टेडियम हाल के बाहर सुबह 11 बजे कार्यक्रम स्थल पर शपथ लेंगे। मंच के बाजू में 40 पार्षदों की सीटिंग व्यवस्था रहेगी। क्रमवार 5-5 पार्षद माइक के सामने शपथ ग्रहण करेंगे।

### निगम कार्यालय में गंगा जल से करेंगे पूजा

महापौर जगदीश रामू रोहरा ने बताया कि चुनाव संपन्न होने के बाद वे प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करके आये हैं। साथ में गंगा जल लेकर आये हैं। वे सत्तासीन होने से पहले निगम के कक्ष में पंडितों से पूजा कराएंगे और गंगा जल का छिड़काव करेंगे।

## राजपूत क्षत्रिय महासभा का चुनाव 9 मार्च को

**धमतरी।** राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादह के त्रिवार्षिक चुनाव की रूपरेखा घोषित हो गई है। नामांकन 2 मार्च को प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे भरा जायेगा। चुनाव 9 मार्च को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, उपसचिव, निर्णायक सदस्य, महिला मण्डल अध्यक्ष, सचिव, युवा मण्डल अध्यक्ष, सचिव, उपसमिति कार्यकारिणी के 6 सदस्य समेत कुल 17 सदस्यों का चुनाव होना है।

## नवनिर्वाचित महापौर ने पूर्व महापौर को फोन कर शपथ ग्रहण का दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर एवं प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा ने पूर्व महापौर विजय देवांगन को फोन लगाकर शपथ ग्रहण आयोजन का निमंत्रण दिया और कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन किया। उन्होंने 40 वार्ड के सभी पार्षदों को साथ लेकर चलने एवं शहर विकास को प्रथम प्राथमिकता देते हुए संदेश दिया कि शहर विकास के लिए हम सब मिलकर कम करेंगे। स्वस्थ राजनीति का परिचय देते हुए जगदीश रामू रोहरा ने सभी पार्षदों से एवं पूर्व महापौर से निवेदन किया कि धमतरी विकास के लिए आप सहयोग प्रदान करें। शहर के विकास के लिए कहीं कोई कमी नहीं होगी, इस बात का उन्होंने आश्वासन दिया।
















## अंचल की खबरें

### डीपीएल क्रिकेट मैच अब रोमांचक मोड़ पर



**धमतरी।** डीपीएल सीजन 6 क्रिकेट मैच के पांचवें दिन मिशन मैदान में ग्रामीण अंचल की तीनों टीम विजेता बनी। अछोटा की टीम ने आमदी को 9 विकेट से पराजित किया। अधारी नवागांव की टीम ने रूद्री को 60 रन से हराया। सम्बलपुर की टीम ने सदरउत्तर वार्ड को 10 रन से पछाड़ा और हरफतराई की टीम पोस्टआफिस वार्ड को हराकर 24 रनों से विजेता बनी। सभी मैच 10-10 ओव्हर के खेले गए। अछोटा के डेमन देवांगन को प्लेयर आफ द मैच घोषित किया गया। नवागांव के बाहुबली खिलाड़ी गजेन्द्र मैन आफ द मैच रहे जिन्होंने 18 गैंदों में एक चौका और 7 छक्कों की मदद से 49 रन बनाए। उन्होंने 1 विकेट भी लिया। सम्बलपुर के खिलेश्वर भी प्लेयर आफ द मैच रहे।

■ पांचवें दिन के मैच में अछोटा, सम्बलपुर, हरफतराई की टीम जीती

### कलेक्टर ने राजेंद्र को किया सम्मानित



**धमतरी।** विनोबा एप के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राजेंद्र प्रसाद सिन्हा संकुल समन्वयक संकुल केंद्र बठेना को कलेक्टर श्रीमती नम्रता गांधी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर टीआर जगदल्ले जिला शिक्षा अधिकारी, भुवन लाल जैन डीएमसी समग्र शिक्षा जिला धमतरी, नंदकिशोर साहू एपीसी समग्र शिक्षा जिला धमतरी, ललित सिन्हा बीआरसी धमतरी, एनके पांडेय संकुल प्राचार्य बठेना, विनोबा एप के सीओ संजय डालमिया, भरत सिन्हा ने हर्ष व्यक्त किया है।

### महाशिवरात्रि पर्व पर कुर्रा में हुई रूद्र पूजा



**अंवरी।** ग्राम कुर्रा में आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान एवं ग्रामवासियों के सहयोग महाशिवरात्रि पर्व पर रुद्र पूजा एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सिंधु बैस, तीजन बाई, दीपिका साहू, सुग्रीव दीवान, फत्तेलाल बैस, नन्द कुमार दीवान, भगत दीवान, दुलेश्वर, हीरा बैस, बीरेंद्र दीवान, मनोज दीवान समेत अनेक ग्रामवासी मौजूद रहे।

### शंख व घंटे की ध्वनि से गूंजेगा मधुबन

**मगरलोड।** विकासखंड का प्रसिद्ध मधुबन मेला महोत्सव एवं श्री राम महायज्ञ 1 मार्च से 9 मार्च तक होगा। यज्ञकर्ता, विद्वान पंडितों द्वारा मंत्र उच्चारण कर पश्चात यज्ञ शुभारंभ किया जाएगा। मधुबन धाम रमणीक स्थल है। श्रीराम वन गमन मार्ग में स्थित मधुबन धाम त्रेतायुग की पहचान है। मधुबन धाम में प्रतिवर्ष माघ शुक्ल पक्ष की तृतीया को मेला महोत्सव एवं श्री राम महायज्ञ का आयोजन किया जाता है। ब्लॉक मुख्यालय से महज लगभग 10 किलोमीटर समीप राजिम नयापारा मार्ग पर स्थित है। मधुबन धाम में सैकड़ों महुआ वृक्ष आच्छादित है। महुआ की सोंधी खुशबू ,शांत वातावरण, देवी देवताओं के साक्षात दर्शन, शंख एवं घंटे की ध्वनि लोगों को आकर्षित करती है। मधुबन धाम में सभी समाज की आस्था का मंदिर स्थापित है। भगवान श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मणजी का मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, भक्त कर्मा मंदिर, दुर्गा माता, शिव का संपूर्ण रूप, साईं मंदिर, अखंड ज्योति प्रज्वलित सहित सभी समाज का मंदिर शामिल है।

■ 1 से 9 मार्च तक मधुबन मेला महोत्सव एवं श्रीराम महायज्ञ

एकांतर क्रम के कारण अधिकांश वृक्षों से बौर नदारद, खास प्रजाति के हाईब्रिड आम में आए बौर

# इस साल लोगों के लिए आम रहेगा खास

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

इस बार 'आम' आम लोगों को महंगा पड़ेगा। मार्च महीने तक आम के अधिकांश वृक्षों में बौर नहीं आ पाए हैं। कुछ वृक्ष ऐसे हैं जिसकी एक डाली में बौर लदे हैं तो दूसरी डाली में बौर ही नहीं आ पाए हैं। कहा जा रहा है कि इस साल एकांतर क्रम के कारण आम के उत्पादन में खासी कमी आ सकती है।

बेन्द्रानवागांव स्थित शासकीय उद्यानिकी में आम के 450 वृक्ष हैं। यहां के माली बताते हैं कि 75 प्रतिशत आम के वृक्षों में बौर नहीं आए है। 25 प्रतिशत आम के वृक्षों में बौर हैं। उसमें कुछ वृक्षों की एक डाली में बौर हैं तो दूसरी डाली में बौर नहीं हैं। कुछ वृक्षों में पर्याप्त मात्रा में बौर आ गए हैं। उन्होंने बताया कि 2024 में आम का अच्छा उत्पादन था। एकांतर क्रम के कारण इस साल आम के उत्पादन में कमी आने की गुंजाइश है।

उद्यानिकी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 5 शासकीय नर्सरी है। धमतरी स्थित बेन्द्रानवागांव नर्सरी में आम के 450 वृक्ष हैं। नगरी की सेमरा नर्सरी में 400, कुरूद की भाठागांव नर्सरी में 225, मगरलोड की रांकाडीह नर्सरी में 200 आम वृक्ष हैं। जबकि गाड़ाडीह नर्सरी नई होने के कारण यहां फलदार आम के वृक्ष नहीं हैं। इसके अलावा जिले के करीब एक हजार हेक्टेयर में आम की दर्जनों निजी नर्सरी है। उद्यानिकी विभाग के उपसंचालक स्नेहलता सिन्हा ने बताया कि आम की फसल एकांतर क्रम में होती है। एक साल अच्छा उत्पादन होता है तो दूसरा वर्ष कम उत्पादन आता है। उन्होंने बताया कि एकांतर क्रम में आम्रपाली जैसे कुछ हाईब्रिड वृक्ष प्रभावित नहीं होते हैं। देशी आम सहित अनेक प्रजाति के वृक्षों में एकांतर क्रम का प्रभाव पड़ता है।



#### सामुदायिक फेंसिंग योजना का टारगेट पूरा

सब्जी क्षेत्र के विस्तार को बढ़ावा देने उद्यानिकी विभाग ने 2024-25 में 50 एकड़ का लक्ष्य रखा था जिसमें 86 किसानों को लाभ मिला है। उप संचालक स्नेहलता सिनहा ने बताया कि योजनांतर्गत दो या दो से अधिक किसान सामुदायिक रूप से फेंसिंग योजना का लाभ ले सकते हैं जिसमें प्रति किसान की जमीन आधा एकड़ से अधिक तथा दो एकड़ से कम होनी चाहिए। एक एकड़ के लिए 1 लाख 8 हजार का लागत इकाई है। जिसमें 50 प्रतिशत राशि यानी 54 हजार रूपये की छूट दी जाती है। उन्होंने बताया कि पीएम जनमन योजना के तहत मगरलोड के 14 तथा नगरी के 10 कमारों को योजना का लाभ मिला है। जिसका रकबा 15.40 एकड़ है। वहीं धमतरी के 8.90 एकड़, कुरूद के 9 एकड़, मगरलोड के 9 एकड़, मगरलोड के 9 एकड़ में सामुदायिक फेंसिंग के तहत 62 लघु एवं सीमांत किसानों को इस योजना का लाभ दिया गया है।

## बिना नामांकन भरे आया प्रत्याशी, मिले 4 वोट, चुनाव धांधली या लापरवाही ?

**विकासखण्ड नगरी के ग्राम पंचायत लटियारा में मतपत्र में हुई बहुत बड़ी चूक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ब्लॉक के ग्राम पंचायत लटियारा के वार्ड क्रमांक 06 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान एक गंभीर लापरवाही उजागर हुई। यहां दो प्रत्याशियों के बीच चुनाव होना था, लेकिन मतपत्र में एक तीसरे प्रत्याशी का नाम भी दर्ज था, जबकि इस नाम से किसी ने नामांकन ही नहीं भरा था। आश्चर्य की बात यह है कि मतगणना में इस फर्जी प्रत्याशी को 4 वोट भी मिल गए।

वार्ड क्रमांक 06 में लीलांबर नेताम और रामगुलाल नामांकन दाखिल कर चुके थे। दोनों प्रत्याशी अपने-अपने चुनाव चिन्ह के साथ प्रचार कर रहे थे। लेकिन जब 23 फरवरी को मतदान हुआ, तो प्राथमिक शाला स्थित बूथ क्रमांक 177 पर मतदाताओं को जो सफेद पर्ची मिली, उसमें तीन नाम दर्ज थे। तीसरे नाम के रूप में सविता मरकाम दर्ज थी, जिनका चुनाव चिन्ह बाल्टी छाप था। चौंकाने वाली बात यह थी कि इस वार्ड में सविता मरकाम नाम की कोई महिला थी ही नहीं, न ही किसी ने इस नाम से नामांकन भरा था। मतदाता भ्रमित हो गए, लेकिन मतदान प्रक्रिया जारी रही और अंततः इस अज्ञात प्रत्याशी को 4 वोट भी मिल गए। मतदान से पहले प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं को मतपत्र दिखाया जाना चाहिए था, लेकिन मतदान अधिकारियों ने ऐसा नहीं किया। यदि समय रहते मतपत्रों की जांच होती, तो यह गंभीर गलती सामने आने से पहले ही रोकी जा सकती थी।

#### लोगों में आक्रोश, निष्पक्ष जांच की मांग

इस गंभीर लापरवाही से लटियारा पंचायत के मतदाता और क्षेत्र के लोग आक्रोशित हैं। वे इस चुनावी धांधली की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।अब यह देखना दिलचस्प होगा कि प्रशासन इस गलती को लेकर क्या कदम उठाता है। क्या दोषियों पर कार्रवाई होगी, या फिर यह मामला भी फाइलों में दफन हो जाएगा।

#### एसडीएम ने दिया जांच का आश्वासन

जब इस मामले पर नगरी एसडीएम कार्यालय से प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की गई, तो एसडीएम से मुलाकात नहीं हो सकी। बाद में दूरभाष पर बातचीत में उन्होंने जांच कराने की बात कही।

## जिले के शिक्षकों ने शिक्षण तकनीक नवाचारों पर अपने अनुभव साझा किए

■ चांपा जांजगीर में राज्यस्तरीय शिक्षक उत्सव 2025 का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



शिक्षा के प्रति समर्पित सेवा और प्रतिबद्धता से प्रेरित विनोबा भावे की टीम ने चांपा जांजगीर में राज्यस्तरीय शिक्षक उत्सव 2025 आयोजित किया। इसमें धमतरी जिले से प्रतिनिधित्व कर रहे संतोष कुमार बांधव, राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, रोहिणी साहू, हेमकुमारी ध्रुव और नंदकिशोर साहू एपीसी अधिकारी ने धमतरी में चल रहे शैक्षणिक गुणवत्ता के तहत कार्यक्रमों, शिक्षण तकनीक, नवाचारों और सुधारों पर विचार विमर्श कर उनके बारे में अपने अनुभवों को साझा किये। शासकीय प्राथमिक शाला टेंगना के शिक्षक संतोष कुमार बांधव ने बताया कि विनोबा एप शिक्षकों से सीखने सिखाने में मदद करता है साथ ही बच्चों व शिक्षकों की हर छोटी बड़ी शैक्षणिक गतिविधियों को आसानी से साझा व प्रदर्शन करने वाला बेहतर तकनीक के साथ एक बढ़िया प्लेटफार्म है। शिक्षक उत्सव में शिक्षकों ने स्कूल में कैसे पालक, शिक्षक, समन्वयक एवं प्रशासन अपने-अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं और आने वाली चुनौतियों को कैसे बेहतर बनाने में प्रयास रहते हैं, इस पर उत्कृष्ट शिक्षकों, विशेषज्ञों से सीखने और सीखने का अवसर प्राप्त किया। जांजगीर-चांपा कलेक्टर आकाश चिकारा और डिप्टी कलेक्टर दुर्गा प्रसाद शर्मा ने धमतरी के शिक्षकों से चर्चा कर धमतरी कलेक्टर नम्रता गांधी द्वारा किए गए शैक्षिक कार्यों व प्रशासनिक कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर ओपन लिंक्स फाऊंडेशन के फाउंडर सीईओ संजय डालमिया, विश्वजीत पवार, भूपेंद्र चंद्रा, हितेश निर्मलकर, भरत सिन्हा उपस्थित थे।

## ड्राफ्ट यूजीसी रेगुलेशन के नए नियमों का विरोध

■ एनएसयूआई जिले के सभी महाविद्यालय में छात्रों को बांटेगी पर्चे


हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एनएसयूआई ने यूजीसी विनियम 2024 और 2025 के मसौदे को तत्काल रद्द करने की मांग की। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने संकाय नियुक्ति और शैक्षणिक योग्यता के मानकों में बदलाव लाने का प्रयास करने का आरोप लगाते प्रत्येक विश्वविद्यालय एवं कॉलेज में छात्रों को पर्चे बांटकर विरोध प्रदर्शन करने का आदेश जारी किया है।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि वे नए नियम लोकतांत्रिक सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं, क्योंकि इसमें शिक्षकों, छात्रों और अकादमिक परिषदों की भागीदारी को दरकिनार किया गया है। सरकार के इस कदम को शिक्षा क्षेत्र में नौकरशाही नियंत्रण लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। नए नियम यदि लागू हुए तो राज्य सरकारों और विश्वविद्यालयों की स्वतंत्रता समाप्त हो जाएगी और केंद्र सरकार का हस्तक्षेप बढ़ जाएगा और पेपर लीक एवं एग्जाम स्कैम बढ़ जाएंगे तथा यूजीसी केयर लिस्ट खत्म हो जाएगी।

छात्र अधिकारों की रक्षा के लिए एनएसयूआई द्वारा प्रदेश भर के सभी विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में छात्रों को ड्राफ्ट यूजीसी रेगुलेशन कानून के खिलाफ पर्चे बांटकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने जिलाध्यक्ष राजा देवांगन को जिले भर के सभी महाविद्यालय में इस अभियान को संचालित करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

## कालेज और बोर्ड परीक्षा आज से



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आज से कालेज और सीजी बोर्ड की परीक्षा शुरू होगी। 1 मार्च से 12वीं की परीक्षा प्रारंभ होगी। वहीं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से संबंधित कालेजों की परीक्षा भी शनिवार से आरंभ होगी। कालेज की परीक्षा दो पाली में होगी। वहीं बोर्ड परीक्षा सुबह 9 बजे से 12.15 बजे तक एक पाली में आयोजित होगी।

मार्च-अप्रैल 2025 में आयोजित होने वाली स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा प्रथम पाली में प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक तथा द्वितीय पाली में 3 बजे से 6 बजे तक होगी। वार्षिक परीक्षा 1 मार्च से 29 अप्रैल तक चलेगी। पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ. विनोद पाठक ने बताया कि बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी परीक्षा केन्द्र में सम्मिलित होने वाले नियमित, अमहाविद्यालयीन, पूरक परीक्षार्थियों की वार्षिक परीक्षा विश्वविद्यालय की समयसारिणी के अनुसार संचालित होगी। परीक्षार्थी निर्धारित तिथि एवं समयावधि में प्रवेश पत्र के साथ महाविद्यालय में उपस्थित होकर परीक्षा में सम्मिलित हों। परीक्षा केन्द्र क्र. 401 बीसीएस शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में कुल 1662 परीक्षार्थी प्रथम पाली में तथा दूसरी पाली में 1981 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

#### बोर्ड परीक्षा 9 बजे से होगी

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयाजित सीजी बोर्ड परीक्षा 1 मार्च से प्रारंभ होगी। शनिवार को 12वीं की परीक्षा प्रारंभ होगी। 12वीं के लिए जिले में 82 केन्द्र बनाये गये हैं जिसमें 7431 परीक्षार्थी शामिल होंगे। 10वीं की परीक्षा 3 मार्च से प्रारंभ होगी। इसके लिए 85 केन्द्र में 10874 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा सुबह 9 बजे से 12.15 बजे तक होगी। जिला तथा ब्लाक स्तर पर फ्लाईंग स्क्वाड का गठन किया गया है।

## भगवान राम व शंकर एक दूसरे के पर्याय हैं : कविता



■ तरसींवा व डोमा के मानस सम्मेलन में शामिल हुईं नवनिर्वाचित जिपं सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्रीरामचरितमानस परिवार तरसींवा एवं युवा मित्र मंडल समिति डोमा के तत्वावधान में तीन दिवसीय मानस महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अतिथि नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य कविता योगेश बाबर थीं। भक्तगणों को संबोधित करते हुए श्रीमती बाबर ने कहा कि महाशिवरात्रि भगवान शिव की आराधना एवं भक्ति का पर्व है। इस अवसर पर हम सब हिंदू एव सनातनी भगवान शिव का जल एवं दुग्ध से अभिषेक कर उनकी पूजा करते हैं व व्रत रखते है। भगवान शिव एवं राम एक दूसरे के पर्याय हैं। भगवान राम कहते हैं कि यदि मुझे पाना है तो शिव की भक्ति कीजिए तथा भगवान शंकर कहते हैं कि यदि मुझे पाना है तो भगवान राम की भक्ति कीजिए। दोनों ही भगवान एक दूसरे के पर्याय माने जाते हैं। हम लोग यदि दोनों की भक्ति करते हैं तो दोनों का आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन को सुखमय एवं आनंदमय बना सकते हैं। मौके पर नव निर्वाचित जनपद सदस्य भारती चंद्रहास साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष राजू चंद्राकर, पूर्व सरपंच तरसींवा दीपेश्वरी साहू, परमेश्वर पुरी गोस्वामी, गौतम सिन्हा, कुंजलाल यादव, संतराम साहू, लीलाराम साहू, महेंद्र दास मानिकपुरी, पुखराज बनपेला, नव निर्वाचित सरपंच डोमा गुंजन साहू, मुकेश साहू, पुनारद साहू, बृजभान साहू, इन्द्रजीत साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिला चिकित्सालय में व्याप्त अव्यवस्था को विधायक ने विधानसभा में रखा

■ बजट सत्र के दौरान सरकार व स्वास्थ्य मंत्री को घेरा



**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू ने विधानसभा में बजट सत्र के दौरान जिला चिकित्सालय धमतरी में व्याप्त विभिन्न अव्यवस्था को लेकर विधानसभा में ध्यान आकर्षण कराकर सरकार को घेरते हुए कहा कि जिला चिकित्सालय में आए दिन मरीजों की अनेक शिकायत रहती है। कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारियों ने भी पदस्थ डॉक्टर को समय पर आने के लिए निर्देशित किया किंतु कुछ डॉक्टर समय पर नहीं आ रहे हैं। जिला अस्पताल में प्रतिदिन मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है मगर सुविधाओं में प्रतिदिन कमी हो रही है जिसके कारण गरीब वर्ग के लोगों को निजी अस्पताल की ओर रुख करना पड़ा है । कई लोग आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं जिससे उनकी जान चली जाती है। विधायक ने सदन में अवगत कराया कि एनेसथिसिया के डॉक्टर नहीं है। सर्जरी में समस्या हो रही है। जिला अस्पताल में आए दिन मशीन खराब रहती है। कभी एक्स-रे मशीन तो कभी सोनोग्राफी की मशीन खराब रहती है। विधायक ने जिला अस्पताल में 100 बिस्तर का शिशु अस्पताल , सर्वसुविधा युक्त दो मेजर ऑपरेशन थिएटर, औषधि स्टोरेज के लिए नवीन भवन, आधुनिक पोस्टमार्टम कक्ष, मोतियाबिंद सर्जरी, एमआरआई मशीन की स्थापना व नियमित रेडियोग्राफर व रेडियोलॉजिस्ट की भर्ती समेत 200 बिस्तर नया हॉस्पिटल की मांग विधानसभा सत्र के दौरान रखी।

HIRING
TEACHERS
KINDERGARTEN
PRIMARY & SECONDARY
VKMS Group is now hiring qualified teachers for Kindergarten Primary and Secondary Sections.
REGISTER YOUR CANDIDATURE ON : vkmemorialschool.org
FOUNDATION SECTIONS
- KG Teacher/ Asst. Teacher - 04 Graduate and good command over English
- Computer Teacher - 01 (MCA/BCA with Good Computer Knowledge)
- PE Teacher - 02 (Male & Female) (BPED)
PRIMARY & MID PRIMARY SECTION
- Hindi Teacher - 01 (B.A, B.Ed/D.led)
- Science Teacher - 01 (B.Sc, B.Ed)
- Sanskrit Teacher - 01 (M.A, B.Ed)
- Mathematics Teacher - 01 (M.Sc., B.Sc., B.Ed)
- English Teacher - 01 (M.A. English)
SECONDARY SECTIONS (PGT)
- Physics/Mathematics/Biology - 03 (M.Sc, B.Ed)
- Economics/Social Science/Commerce Teacher - 03 (M.com, M.A. Eco. B.Ed)
PLEASE NOTE : Walk in Interview on 3rd March 2025 from 11am to 2pm with all your resumes Excellent verbal and written communication skills in English.
CONTACT US - 8889995560, 7000205582, 8770579279

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री,
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025, 09 जून से 17 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
29 अप्रैल 2025
10 मई 2025
23 मई 2025
02 जून 2025
29 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020